खाटू आऊं Safari में | by Amit Kalra Meetu

इब ना आया जाता बाबा छोटी मोटी सवारी में
करदे कृपा हम भी आवे खाटू नई Safari में
कोई आता Audi में और कोई कोई Ferrari में
करदे कृपा हम भी आवे खाटू नई सवारी में

तेरे सिवा बाबा मैं किसने दिल का हाल सुनाऊ जी
तेरे होते दुनिया के आगे क्यूँ हाथ फैलाऊं जी
जो मांगो वो मिल जाता है तेरी लखदातारी में
करदे कृपा हम भी आवे खाटू नई सवारी में

तेरे प्रेमी की जो बाबा दुनिया हंसी उड़ाएगी
मेरी हो या तेरी इज़्ज़त परिवार की जाएगी
कब तक देखेगा बाबा तू मैं हूँ इस लाचारी में
करदे कृपा हम भी आवे खाटू नई सवारी में

तेरा ही तो बेटा मोहित इतना हक़ तो बनता है
जिसका बाप हो तेरे जैसा वो तो मौज ही करता है
इतना तो लेना देना चलता है रिश्तेदारी में
करदे कृपा हम भी आवे खाटू नई सवारी में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%86%e0%a4%8a%e0%a4%82-safari-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-amit-kalra-meetu/